संख्या-आई/1479947/9-8002(002)/4/2026-2034305

प्रेषक,

पारस नाथ,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
स्थानीय निकाय निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

नगर विकास अनुभाग-8 **लखनऊः दिनांक 29 सितम्बर, 2026**

विषयः- **वित्तीय वर्ष 2026-27 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजनान्तर्गत अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 04 नगर निकायों को अनुदान की स्वीकृति।**

महोदय,

प्रदेश की नगर पंचायतों में अवस्थापना सुविधाओं यथा पेयजल, सैपटेज मैनेजमेंट, सड़क, साइड पटरी, जल निकासी, फुटपाथ, सोलर लाइट/एल0ई0डी0 लाइट, सार्वजनिक शौचालयों, तालाब संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण, चौराहों का निर्माण, पार्क, खेल मैदान का निर्माण/सुधार, सामुदायिक केन्द्र, गौशाला का निर्माण आदि सार्वजनिक सुविधाओं का सृजन कर नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण सुविधाओं को प्रदान करने तथा नगरों/कस्बों के समेकित एवं नियोजित विकास को प्रोत्साहन देने के उददेश्य से शासनादेश संख्या-777/नौ-8-2018-53ज/2017 टीसी, दिनांक 21 मार्च, 2018 (यथा संशोधित दिनांक 05.01.2019) द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना लागू की गयी है।

2- पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राविधानित धनराशि में से नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, जनपद-प्रतापगढ़, नगर पंचायत बख्शी का तालाब, जनपद-लखनऊ, नगर पंचायत किठौर जनपद-मेरठ एवं नगर पंचायत छर्रा जनपद-अलीगढ़ द्वारा उपलब्ध करायी गयी कार्ययोजना के सापेक्ष धनराशि रू. 1599.07 लाख की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति की अनुमति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 90 प्रतिशत धनराशि रू0 1439.163 लाख (₹ चौदह करोड़ उनतालीस लाख सोलह हजार तीन सौ मात्र) को निम्नानुसार अवमुक्त किये जाने हेतु प्रस्तर-3 में उल्लिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र. स.	कार्य/मद	कार्य/मद की प्रस्तावित लागत की धनराशि (लाख रू0 में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि (लाख रू0 में)	प्रथम किश्त के रूप में निर्गत की जाने वाली धनराशि (लाख रू0 में)
1	2	3	4	5
1-नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, जनपद-प्रतापगढ़।				
1	वार्ड नं0-05 में काली सड़क से रमेश खोवा वाले के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	8.79		

2	वार्ड नं0-03 सरायभूपति में डा0 अकबाल से घर से काली सड़क तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	5.02		
3	वार्ड नं0-08 गोकुला में ग्यास के घर से इंटरलाकिंग तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	11.98		
4	वार्ड नं0-08 में काली सड़क से इस्तियाक के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	11.97		
5	वार्ड नं0-03 में काली सड़क से सी0सी0 रोड तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	9.95		
6	नगर पंचायत सीमान्तर्गत मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु 09 मी0 जी0आई0 ऑक्टागोनल पोल विथ स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य।	153.64		
7	नगर पंचायत सीमान्तर्गत मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु 12.5 मी0 हाई मास्ट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य ।	80.24		
8	मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु 90 वॉट एल0ई0डी0 लाइट की आपूर्ति।	82.50		
9	नगर पंचायत सीमान्तर्गत मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु 06 मी0 डेकोरेटिव पोल विथ एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य।	34.98		
	योग	399.07	399.07	359.163
2- नगर पंचायत बख्शी का तालाब, जनपद-लखनऊ।				
1.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब सरकपुर सरैया जगदीश रावत के मकान से जगदेव रावत के मकान होते हुए ब्रजलाल रावत के मकान तक एवं अजीत गौतम के मकान से श्यामलाल के मकान तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	13.15		
2.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब सरकपुर सरैया साई नाथ कालोनी में अकील के मकान से सुमन पन्त के मकान होते हुए विमल पाण्डेय के मकान तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का कार्य।	20.28		
3.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 04 राजापुर इन्दौरा साढामऊ में आँगनबाड़ी से रामकिशोर के मकान तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	14.47		

4.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 04 राजापुर इन्दौरा में बन्नौर में हरिवंश के मकान से पप्पू गौतम के मकान तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	19.20		
5.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 05 रामपुर देवरई में कल्लू के मकान से परमेश्वर के मकान तक सड़क का निर्माण कार्य।	13.51		
6.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 07 मामपुर बाना में श्री कृष्ण विहार कालोनी में डामर रोड से रामदुलारे प्रजापति के मकान तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	19.71		
7.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 11 भौली प्रथम में डामर रोड से सुरूचि के मकान के आगे तक के मकान तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का कार्य।	16.85		
8.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 12 बरगदी मगठ पिंक सिटी में ओरीलाल के मकान के सामने नहर पटरी पर सी0सी0 सड़क का कार्य।	9.58		
9.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 13 नन्दना ब्रहमपुरी कालोनी में निशा शुक्ला के मकान से विजय ट्रेडर्स के सामने तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	25.01		
10.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 15 रूदही प्रथम गोल्डन विंग्स कालोनी महावीर इण्टरप्राइजेज के सामने से रमेश कुमार सिंह के मकान के सामने तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	19.62		
11.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 16 बरगदी प्रथम रूद्र नगर में अवधेश सिंह के मकान से शिवराम के मकान तक एवं न्यारा पेट्रोल पंप के पीछे नाली एवं सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	10.36		
12.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 16 बरगदी प्रथम रूद्र नगर में कृष्ण गोपाल शाही के मकान से जितेन्द्र शुक्ला के मकान होते हुए मेधांश के मकान के आगे तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	14.60		
13.	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 13 में नंदना में आदर्श कैरियर कान्वेन्ट कॉलेज के सामने से आदेश कुमार के मकान के सामने तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का कार्य।	21.58		

14	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 10 कोटवा शिवपुरी कालोनी राकेश के मकान से जीनियस कान्वेंट स्कूल होते हुए शेखर यादव के मकान तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का कार्य।	23.45		
15	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 06 कमलाबाद बढ़ौली अहलादपुर में राजेश यादव के मकान से बंसराज यादव के मकान होते हुए खड़ण्जा तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का कार्य।	26.28		
16	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 16 बरगदी प्रथम पतौरागंज में इकरार हुसैन के मकान से प्रकाश वर्मा के मकान होते हुए नहर पटरी तक नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य।	10.26		
17	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 07 मामपुर बाना शक्ति नगर में के0के0 सिंह के मकान के सामने से पृथ्वी नाथ के मकान तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	13.44		
18	नगर पंचायत बख्शी का तालाब वार्ड नं0- 03 सरकपुर सरैया में अशोक रावत के मकान से ओम प्रकाश के मकान तक नाली एवं सी0सी0 सड़क का कार्य।	5.14		
19	Supply of 75-90watt LED Street Light At Nagar Panchayat Bakshi Ka Talab (350 Nos).	35.43		
20	Supply and fixing of highmast Pole/light (12.5Mtr.) Various Places At nagar Panchayat Bakshi Ka Talab (20 Nos).	68.79		
		400.71	400.00	360.00
3-नगर पंचायत किठौर, जनपद-मेरठ।				
1	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-04 मौ० पड़ियोवाला में इकबाल फोन ज़ोन से अम्बेडकर मूर्ति तक सड़क निर्माण का कार्य।	24.38		
2	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-01 मौ० हरिजनोवाला में दीपक इलैक्ट्रीकल की दुकान से तसलीम बाईक सर्विस की दुकान तक सड़क निर्माण का कार्य।	26.48		

3	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-01 मौ० हरिजनोवाला में पहलवान लताफत की दुकान से चश्मा पोईन्ट तक सडक निर्माण का कार्य ।	28.33		
4	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-01 मौ० हरिजनोवाला में मुगलई होटल से रहीस पुत्र छुटटन के मकान तक सड़क निर्माण का कार्य।	16.50		
5	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-01 मौ० हरिजनोवाला में हापुड़ तिराहा से जी०एम० इण्टर कॉलेज तक सड़क निर्माण का कार्य।	28.09		
6	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-01 मौ० हरिजनोवाला में गांधी मैमोरियल से हवेली रिसोर्ट तक सड़क निर्माण का कार्य।	25.97		
7	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-15 मौ० सलातीन में स्वागत द्वार से शाही नर्सरी तक सड़क निर्माण का कार्य ।	23.75		
8	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-15 मौ० सलातीन में परवेज नर्सरी से मुस्तफा आटो सर्विस तक सड़क निर्माण का कार्य ।	27.77		
9	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-15 मौ० सलातीन में शाहिद की दुकान से वहाब्र गढ़ियों तक सड़क निर्माण का कार्य।	27.34		
10	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-03 मौ० बनियोवाला व वार्ड नं0-04 मौ० पड़ियावाला में कोहेनूर मैडिकल स्टोर से शेरू मुर्गे वाले की दुकान तक सड़क निर्माण का कार्य।	27.36		
11	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-03 मौ० बनियोवाला में मवाना रोड से फौवारा चौक तक सड़क निर्माण का कार्य।	28.52		
12	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-04 मौ० पड़ियोवाला तथा वार्ड नं0-01 मौ० हरिजनोवाला में श्यामपुर रोड से तसलीम की दुकान तक सड़क निर्माण का कार्य।	24.04		
13	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-01 मौ० हरिजनोवाला में हुमा सिलाई मशीन की दुकान से आर०के० टायर तथा शेख साहिब तक सड़क निर्माण का कार्य।	21.62		
14	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-01 मौ० हरिजनोवाला में कोहेनुर बैट्री (हापुड़ तिराहा) से परवेज ढोला की नर्सरी तक सड़क निर्माण का कार्य।	22.89		

15	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-15 मौ० सलातीन में स्वागत द्वार से त्यागी टूरिस्ट बस सर्विस तक सड़क निर्माण का कार्य।	32.23		
16	नगर पंचायत किठौर के वार्ड नं0-03 मौ० बनियोवाला तथा वार्ड नं0-04 मौ० पड़ियोवाला में किठौर रेस्टोरेन्ट से कुजगरों के रोड तक सड़क निर्माण का कार्य।	26.35		
		411.62	400.00	360.00
	4- नगर पंचायत छर्रा, जनपद-अलीगढ़।			
1	कासगंज रोड से पाठक जी तक सी०सी० नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।	14.00		
2	गिहार कॉलोनी गेट से छोटा खॉन मिस्त्री कासगंज रोड तक सी०सी० नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।	23.20		
3	अलीजान की दुकान से अलीगढ़ रोड तक सी०सी० नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।	20.99		
4	अतरौली कासगंज रोड से बाल्मीकि मन्दिर तक सी०सी० नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।	13.46		
5	नगर पंचायत कार्यालय गेट से शिव मन्दिर क्रोसिंग तक सी०सी० नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।	19.65		
6	डा० सूद के घर से नजीर के घर तक सी०सी० नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।	18.82		
7	मुन्ना टैलर के घर से ग्रीश कपड़े वालों के घर तक सी०सी० नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।	15.51		
8	रजनी कान्त पण्डित जी के घर से राज बहादुर हलबाई की दुकान तक सी०सी० नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।	18.28		
9	वार्ड न० 4 में सैवान के मकान से मदरसे तक सी०सी० रोड एव नाली निर्माण कार्य।	17.77		
10	मो० सुनारान में गोपश्वर गुप्ता के मकान से चन्द्रपाल के घर से होते हुए डा० अरौरा के दुकान तक व लिंक गलियों में सी०सी० एव० नाली निर्माण कार्य।	17.73		
11	मो० हलवाईयान में धर्मेन्द्र गुप्ता की दुकान से राजू अग्रवाल की दुकान तक व लिंक गलियों में सी०सी० एव० नाली निर्माण कार्य।	12.44		

12	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light at aligarh road Chamad to savitri hospital in np chharra Aligarh (Approx distance: 1350 Meter)	36.87		
13	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light at khachermal neta ji to baroli bamba sanka road in np chharra aligarh (approx distance: 900 meter)	24.47		
14	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light at baghel hospital to lodhi nagar tiraha in nagar panchayat Chharra Aligarh (approx distance: 1350 meter)	36.87		
15	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light from Shiv Temple Chauraha to Bhatta at Bai road in Nagar Panchayat Chharra (Aligarh). [Approx distance: 1000 metre).	30.39		
16	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light at Balaji puram from Babu ji house to the house of Prem' singh Kushwaha in Nagar Panchayat Chharra (Aligarh). [Approx distance: 300 metre).	9.24		
17	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light from the shop of Gautam ji to the house of Ramkishor in Nagar Panchayat Chharra (Aligarh). [Approx distance: 350 metre).	10.73		
18	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light at Bhagat ji Street from the house of Kamla Devi to the house of Veeri Singh in Nagar Panchayat Chharra (Aligarh). [Approx distance: 400 metre).	12.21		
19	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light From Balmiki Shamsan ghat to Rinku Soron Gale in Nagar Panchayat Chharra (Aligarh). (Approx distance: 500 metre).	15.19		
20	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light From the house of Saleem	9.24		

	dhobi to the house of Abbas in Nagar Panchayat Chharra (Aligarh). [Approx distance: 300 metre).			
21	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light From the godown of Farahem miyan to the Mazar at Dhansari road in Nagar Panchayat Chharra (Aligarh). [Approx distance: 400 metre).	12.21		
22	Supply and installation of 08 metre octagonal pole with street light From Shanti Niketan Ashram Kasganj Road to the School of Girand Singh Yadav in Nagar Panchayat Chharra (Aligarh). [Approx distance: 600 metre).	18.17		
		407.44	400.00	360.00
	महायोग-		1599.07	1439.163

(₹ चौदह करोड़ उनतालीस लाख सोलह हजार तीन सौ मात्र)

3- नियम व शर्तें/प्रतिबन्ध :-

(1) उक्त धनराशि शासनादेश संख्या-777/नौ-8-2018-53ज/2017 टीसी, दिनांक 21 मार्च, 2018 तथा शासनादेश संख्या-47/नौ-8-2019-53ज/2017 टी0सी0, दिनांक 05-01-2019 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के संबंध में प्रख्यापित दिशा-निर्देश के अधीन स्वीकृत की जा रही है।

(2) यदि निकाय के खाते में धनराशि स्थानान्तरित किये जाने की प्रक्रिया में कोई विलम्ब होता है तो इसके लिए संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा एवं अवमुक्त धनराशि पर मिलने वाले ब्याज की गणना कर जिसे राजकोष में जमा किये जाने की व्यवस्था है, को संबंधित उत्तरदायी अधिकारी से जमा कराया जाएगा।

(3) नगर विकास विभाग के अन्तर्गत ड्रेनेज से संबंधित कराये जाने वाले कार्य निर्गत शासनादेश सं0-1125/9-9-2025-45ज/2021, दिनांक 04-06-2025 में विहित प्राविधानों के अनुसार कराये जायेंगे।

(4) यदि शासनादेश में स्वीकृत कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित हैं तो संबंधित अधिशासी अधिकारी/सबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वे शासन/स्थानीय निकाय निदेशालय को तत्काल अवगत करायें।

(5) नगर निकायों द्वारा अवस्थापना निधि/अन्य निधि से निर्मित होने वाली सड़कों के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-2087/9-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 07-06-2013 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) इस योजना के अन्तर्गत कराये गये निर्माण कार्यो में कहीं पर गुणवत्ता की कमी अथवा निर्धारित मानक के विपरीत कार्य कराये जाते हैं तो इसके लिए संबंधित ठेकेदार अवर अभियन्ता अधिशासी अधिकारी नागर निकाय के अध्यक्ष चयनित आर्किटेक्ट/टाउन प्लानर तथा प्रभारी अधिकारी नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत बराबर के उत्तरदायी होंगे।

(7) इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब होने अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यो की पूर्णता की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रख-रखाव संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा। इसका उल्लेख टेण्डर की शर्तों में किया जाये

(8) स्वीकृत कार्यो को शासन द्वारा अनुमोदित लागत पर ही पूर्ण कराया जायेगा। शासन द्वारा लागत के सापेक्ष यदि कम धनराशि अवमुक्त की गयी है तो उक्त कार्य को योजनान्तर्गत स्वीकृत अन्य कार्यो की बचतों/निकाय द्वारा स्वयं के स्रोतों से पूर्ण कराया जायेगा।

(9) स्वीकृत किये जा रहे कार्यो के कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण कार्यदायी संस्था एवं कार्य प्रारम्भ होने तथा कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।

(10) स्वीकृत धनराशि अनुमोदित कार्य पर ही व्यय की जायेगी तथा स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन किसी भी दशा में सूची में अंकित कार्यो से अन्य किसी कार्य में नहीं किया जायेगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा। स्वीकृत कार्य यदि किसी अन्य योजना में सम्मिलित है तो प्रश्नगत धनराशि आहरण करने से पूर्व समस्त अभिलेखों सहित तत्काल शासन को समर्पित कर दी जाय। इसके अतिरिक्त कार्ययोजना के कार्यो में यदि कोई स्थान/कार्य परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना निकाय द्वारा शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

(11) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों द्वारा किया जायेगा।

(12) वित्तीय मामलों से संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ लेखाधिकारी/ सहायक लेखाधिकारी अथवा लेखा का कार्य देखने वाला अन्य अधिकारी जैसी भी स्थिति हो सुनिश्चित करेंगे।

(13) आकलित आगणनों में उल्लिखित मात्राओं को सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व संबंधित कार्यदायी संस्था/संबंधित स्थानीय निकाय का होगा। अतएव विभिन्न स्तर पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा अवधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(14) इस योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यो के पूर्ण होने के उपरान्त उसकी गुणवत्ता की जांच कराकर वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत कुल धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन/निदेशालय/ महालेखाकार कार्यालय को दिनांक 31 मार्च 2027 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि की उपयोगिता अवधि दिनांक 31.03.2027 तक होगी।

(15) जिन निकायों की कार्ययोजना में इण्टरलॉकिंग से संबंधित कार्य सम्मिलित थे, उनको परिवर्तित करते हुए उनके स्थान पर सी.सी. रोड का निर्माण कराया जायेगा। यदि कोई अतिरिक्त व्यय होता है, तो निकाय द्वारा स्वयं के स्रोतों अथवा राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि से वहन किया जायेगा।

4- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत अवमुक्त की गयी धनराशि को नागर निकाय द्वारा योजनान्तर्गत राष्ट्रीयकृत बैंक में खोले गये बचत खाते में निर्धारित समयान्तर्गत अंतरित की जायेगी। निकायों का यह दायित्व होगा कि वे उक्त योजना के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाकर कैंसिल्ड चेक सहित तत्काल निदेशक, नगरीय निकाय को उपलब्ध करायेगें।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 14,39,16,300/- (₹ चौदह करोड़ उनतालीस लाख सोलह हजार तीन सौ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-037 लेखाशीर्षक 2217031930500 पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत मानक मद 35 पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 28 मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत् प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

Digitally signed by PARAS NATH
Date: 29-09-2026 16:31:55

भवदीय,

(पारस नाथ)
अनुसचिव ।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी/राज्यमंत्री जी, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश।
3. संबंधित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
6. अधिशासी अधिकारी, संबंधित निकाय को इस आशय से प्रेषित कि निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा योजना की धनराशि को निकाय के खाते में हस्तान्तरित किये जाने हेतु योजना के लिए राष्ट्रीय बैंक में खोले गये बचत खाते के पूर्ण विवरण/कैंसिल्ड चेक के साथ तत्काल निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
10. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल को विभागीय वेबसाइड पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,
पारस नाथ
अनुसचिव ।